# OFFICE OF THE PRINCIPAL, SWAMI ATMANAND GOVT. ENGLISH MEDIUM MODEL COLLEGE, KANKER (C.G.)

Shiv Nagar, Kanker, District - North Bastar Kanker, Chhattisgarh, India, Pin Code - 494334

Contact No.: 07868-299288, Email: govtmodelcollegekanker@gmail.com, Website: www.sagemmckanker.in


क्रमांक / 602 /स्था./2025 कांकेर, दिनांक 25/02/2025

## //अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक (वैकल्पिक व्यवस्था) द्वारा अध्यापन हेतु विज्ञापन//

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का आदेश क्रमांक 574/126/आउशि/राज.स्था./2024 नवा रायपुर, दिनांक 06.07.2024 एवं छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक एफ 3–54/स्था./2020/38–1 नव रायपुर अटल नगर, दिनांक 20.06.2024 **"अतिथि व्याख्याता नीति–2024"** के परिपालन में शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था के लिए निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल, अतिथि शिक्षण सहायक/ग्रंथालय सहायक के रिक्त पदों के विरूद्ध इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार नीचे लिखे गये विवरण अनुसार अतिथि व्याख्याता हेतु दिनांक 03.03.2025 सायं 05:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/कोरियर/स्वयं द्वारा जमा कर सकते है। ई–मेल से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**अतिथि व्याख्याता हेतु निम्नाकिंत विषय में आवेदन आमंत्रित है :–**

| क्रमांक | विषय | पदनाम | पद संख्या |
|---|---|---|---|
| 01. | वनस्पतिशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| कुल | | | 01 |

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि व्यख्याता हेतु योग्यता, वेतन एवं नियम अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के अनुरूप होगी।
2. स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर (छ.ग.) में कार्य करने के लिए आवेदकों को अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन का अनुभव तथा अध्यापन के दौरान छात्र/छात्राओं से अंग्रेजी माध्यम में संवाद कर पाठ्य–विषय से संबंधित जिज्ञासाओं का भी निराकरण करने में सक्षम होना अनिवार्य होगा। इस हेतु आवेदक अभ्यर्थियों की व्यवस्था राज्य स्तरीय गठित समिति के द्वारा सक्षमाता एवं दक्षता के आधार पर निर्धारित की जायेगी।
3. पदो की संख्या परिवर्तनीय है।
4. अतिथि व्यख्याता नीति 2024 का अध्ययन महाविद्यालय के सूचना पटल/वेबसाईट **www.sagemmckanker.in** से किया जा सकता है।
5. अतिथि व्याख्याता, अतिथि शिक्षण सहायक एवं अतिथि ग्रंथपाल को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हंतु अन्य उपाय) संबंधी विनिमय 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि व्याख्याता, अतिथि शिक्षण सहायक एवं अतिथि ग्रंथपाल के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होना चाहिए। परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिय स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
6. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
7. संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।
8. आयु सीमा अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक.। अतिथि ग्रंथपाल हंतु 62 वर्ष तक।
9. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्याथियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
10. (अतिथि व्याख्याता नीति–2024 –11.4) उक्त अवधि के दौरान अध्ययन–अध्यापन के सुचारू संचालन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् प्रतीक्षा सूची से अन्य वैकल्पिक व्याख्याताओं की व्यवस्था इस शर्त पर की जायेगी कि अवकाश में गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य के पी–एच.डी. अध्ययन / प्रसूति अवकाश उपरान्त वापस कार्यभार ग्रहण करने पर वैकल्पिक व्याख्याता को उनके कार्य से स्वतः कार्यमुक्त माना जायेगा।
11. उपर्युक्त पद हेतु अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति पूर्व में कार्यरत अतिथि व्याख्याता के पी.एच.डी. कोर्स–वर्क हेतु 06 माह के लिए रिक्त हुआ है। अतः आगामी 06 माह के लिए शैक्षणिक कार्य हेतु नियुक्त किया जायेगा ।

**टीपः– निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन करें।**

Principal
Swami Atmanand Govt.
English Medium Model College
Kanker

Principal
Swami Atmanand Govt. English
Medium Model College, Kanker (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

# OFFICE OF THE PRINCIPAL, SWAMI ATMANAND GOVT. ENGLISH MEDIUM MODEL COLLEGE, KANKER (C.G.)

Shiv Nagar, Kanker, District - North Bastar Kanker, Chhattisgarh, India, Pin Code - 494334

Contact No.: 07868-299288, Email: govtmodelcollegekanker@gmail.com, Website: www.sagemmckanker.in




पृ. क्रमांक/ 605 /स्था./2025 कांकेर, दिनांक 25/02/2025

प्रतिलिपि :—

1. कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
3. प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय, भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
4. छत्तीसगढ़ समाचार पत्र एवं स्थानीय जिला प्रतिनिधि समस्त दैनिक समाचार पत्र।
5. स्थापना शाखा, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.)।

Principal
Swami Atmanand Govt.
English Medium Model College
Kanker

Principal
Swami Atmanand Govt. English
Medium Model College, Kanker (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner